प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 01.11.2025 समय : 09.00 ए.एम.

0000

- प्रदेश में खाद्य सुरक्षा गिव अप अभियान अब 31 दिसम्बर तक चलेगा–अब तक 42 लाख लोगों ने स्वेच्छा से योजना का लाभ छोडा–वहीं 70 लाख नये पात्र लोग योजना से जुडे।
- राज्य में 10 दिसम्बर को प्रस्तावित प्रवासी राजस्थानी दिवस के लिए व्यापक तैयारियां–शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन और जलसंसाधन पर सेक्टोरल सत्र होंगे।
- भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के मौके पर आज से 15 नवम्बर तक सांस्कृतिक, शैक्षणिक और सामाजिक कार्यक्रमों की श्रंखला।
- प्रदेश के उदयपुर और जोधपुर संभाग के कुछ स्थानों पर आज भी हल्की बारिश का सिलसिला बना रहने के आसार।

00000

प्रदेश में खाद्य सुरक्षा योजना से सक्षम लोगों के नाम हटवाने का गिव अप अभियान अब 31 दिसम्बर तक चलेगा। खाद्य और नागरिक आपूर्ति विभाग ने गिव अप अभियान की अवधि बढाते हुए कहा है कि इसके जरिये सक्षम लोग स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा सूची से नाम हटवा सकेंगे, जिसका लाभ पात्र लोगों को मिल सकेगा। खाद्य मंत्री सुमित गोदारा ने बताया कि प्रदेश में अब तक 42 लाख लोगों ने स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा सूची से नाम हटवाया हैं। वहीं 27 लाख से ज्यादा लोगों के ई केवाईसी नहीं करवाने से उनका नाम एनएफएसए से हट गया है। वहीं प्रदेश में लगभग 70 लाख पात्र लोगों को खाद्य सुरक्षा से जोडा गया है।

0000

प्रदेश में 10 दिसम्बर को प्रस्तावित प्रवासी राजस्थानी दिवस के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही है। मुख्यमंत्री भजनल लाल शर्मा ने कल मुख्यमंत्री कार्यालय में इस संबंध में एक समीक्षा बैठक की। श्री शर्मा ने विभिन्न क्षेत्रों में निवेश की संभावनाओं के लिए उन क्षेत्रों से जुडे विशेषज्ञों को इस आयोजन के सेक्टोरल सत्रों में शामिल करने को कहा है। बैठक के दौरान उद्योग, पर्यटन, शिक्षा, स्वास्थ्य तथा जल सहित विभिन्न क्षेत्रों पर चर्चा की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस आयोजन के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धियां अर्जित करने वाले प्रवासी राजस्थानियों को सम्मानित भी किया जायेगा। वहीं इसी महीने पर्यटन प्री मीट भी रखी गई है।

0000

प्रदेश में भवन और सड़क निर्माण कार्यो की गुणवत्ता जांच के लिए आज से सघन निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। 30 नवम्बर तक चलने वाले इस अभियान के तहत निर्माण कार्यो की जांच की जायेगी। मुख्य सचिव सुधांश पंत ने हाल ही में सार्वजनिक निर्माण विभाग की समीक्षा बैठक में इस संबंध में निर्देश दिए थे। उन्होंने बारिश से क्षतिग्रस्त सड़कों की प्राथमिकता से मरम्मत करने को कहा है। इसके साथ ही एनएचएआई एनएच की परियोजनाओं को गति देने के लिए स्पेशल टास्क फोर्स के गठन के निर्देश दिए है।

0000

स्वर्ण नगरी जैसलमेर के रेल्वे स्टेशन के पुर्नविकास का काम जोर शोर से किया जा रहा है। अमृत भारत योजना के तहत करीब 140 करोड़ रूपये की लागत से इस स्टेशन को नया रूप दिया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेल्वे के महाप्रबंधक अमिताभ ने स्टेशन का निरीक्षण किया और अंतिम चरण में चल रहे निर्माण कार्यो को जल्द पूरा करने के निर्देश दिये। उन्होंने बताया कि रेल्वे स्टेशन के विकसित होने से यात्री सुविधाएं बढेंगी। इसके साथ ही पर्यटन को भी बढावा मिलेगा।

.......

0000

आपकी पूंजी आपका अधिकार जनजागरूकता अभियान के तहत आज पाली में सहायता शिविर लगाया जा रहा है। शिविर में विभिन्न बैंकों, बीमा कंपनियों, पेंशन विभाग तथा संरक्षण कोष की सहभागिता

रहेगी। इसके तहत नागरिकों के बीमा दावों और दावा प्रपत्र भरने तथा दस्तावेजों के सत्यापन के लिए सहायता उपलब्ध करवायी जायेगी।

....

0000

राजस्थान लोक सेवा आयोग ने विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए साक्षात्कार कार्यक्रम जारी किया है। इसके तहत 17 से 25 नवम्बर तक कॉलेज शिक्षा विभाग सहायक आचार्य और कृषि विभाग में सहायक कृषि अधिकारी की भर्ती के लिए साक्षात्कार आयोजित किये जायेंगे। वहीं राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से ग्राम विकास अधिकारी सीधी भर्ती परीक्षा 2025 कल आयोजित की जायेगी।

00000

भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष में आज से राष्ट्रव्यापी जनजातीय गौरव वर्ष पखवाडा मनाया जा रहा है। 15 नवम्बर तक चलने वाले इस पखवाडे के तहत देशभर में एक लाख से अधिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। सांस्कृतिक, शैक्षणिक और सामाजिक कार्यक्रमों की श्रंखला के माध्यम से आदिवासियों की समृद्ध विरासत, संस्कृति और उपलब्धियों का प्रदर्शन किया जायेगा। इसके साथ ही जनजातीय ग्राम विजन और वन धन उत्पादों और आदिवासी हस्तशिल्प का भी प्रदर्शन होगा। हमारे करौली संवाददाता ने बताया कि कार्यक्रमों की श्रंखला में आज विद्यालयों में जनजातीय संस्कृति और परम्पराओं पर चित्रकला प्रतियोगिता रखी गई है।

.....

0000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज छत्तीसगढ़ जायेंगे। श्री मोदी राज्य की स्थापना के रजत महोत्सव और अन्य कार्यक्रमों में भाग लेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री 14 हजार 300 करोड़ रूपये से अधिक की सड़क ऊर्जा उद्योग और स्वास्थ्य क्षेत्र से जुडी विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।

0000

बारां जिले के अंता विधानसभा उपचुनाव के दौरान विभिन्न राजनैतिक विज्ञापनों, बल्क मोबाईल संदेशों को प्रसारित करने से पहले सक्षम स्तर से उनका अधिप्रमाणन करवाना अनिवार्य होगा। ऐसा नहीं करने पर निर्वाचन विभाग संबंधित मोबाईल ऑपरेटर और टेलीमार्केटिंग फर्मो के खिलाफ कार्यवाही करेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी रोहिताश्व सिंह तोमर ने बताया कि उप चुनाव वाले क्षेत्र में सभी ऑपरेटरों को आदर्श चुनाव आचार संहिता की पालना में सहयोग करने को कहा गया हैं। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव के लिए आयोग के निर्देशों की पालना अनिवार्य है।

0000

प्रदेश में बीते तीन–चार दिनों से चल रहा बारिश का सिलसिला आज भी उदयपुर और जोधपुर संभाग के कुछ स्थानों पर बना रहने के आसार हैं। वहीं राज्य के दक्षिणी पूर्वी भागों में अगले तीन–चार दिन तक हल्की से मध्यम बारिश की गतिविधियां जारी रह सकती है। मौसम विभाग के अनुसार बीकानेर संभाग और शेखावाटी क्षेत्र में मौसम अगले चार–पांच दिन तक शुष्क रहने की संभावना है। अक्टूबर महीने में प्रदेश में सामान्य से अधिक बारिश दर्ज हुई है। इस बीच कल जयपुर, भीलवाडा, डूंगरपुर और सीकर के फतेहपुर सहित कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हुई। सबसे ज्यादा लगभग 6 सेंटीमीटर पानी बांसवाडा के जगपुरा में बरसा। हमारे बांसवाडा संवाददाता ने बताया कि तीन–चार दिनों से चल रहे बारिश के दौर के बाद आज धूप निकलने से किसानों ने राहत की सांस ली है।

.....

0000

राष्ट्रीय फिटनेस एण्ड वेलनेस कॉन्क्लेव आज से मुम्बई में आयोजित किया जा रहा है। इसमें लागों का स्वस्थ जीवन शैली के प्रति रूझान जगाने के लिए खेल, सिनेमा और वेलनेस क्षेत्र की कई प्रसिद्ध हस्तियां शामिल होंगी। केन्द्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया और भारतीय ओलम्पिक संघ की अध्यक्ष पी टी ऊषा भी इसमें भाग लेंगे। कॉन्क्लेव में विभिन्न पैनल चर्चाओं और

सत्रों के माध्यम से देश में विकसित होते फिटनेस इको सिस्टम पर चर्चा होगी। इसके साथ ही व्यावसायिक संभावनाओं और स्वस्थ भविष्य पर विचार विमर्श किया जायेगा।

0000

कर्नल बैंसला राजस्थान राज्य सीनियर हैंडबॉल प्रतियोगिता का खिताब जयपुर ने अपने नाम किया है। करौली जिले के श्री महावीर जी में खेली गई इस प्रतियोगिता में महिला वर्ग में जयपुर की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ये जीत हांसिल की। वहीं पुरूष वर्ग में श्रीगंगानगर की टीम विजेता रही। प्रतियोगिता में प्रदेशभर से 65 टीमों ने हिस्सा लिया।

0000

आज देव उठनी एकादशी है। कार्तिक मास की शुक्ल पक्ष की एकादशी को प्रबोधिनी एकादशी भी कहा जाता हैं। आज से कार्तिक महीने के पंच तीर्थ स्नान की शुरूआत होगी। इसे देखते हुए तीर्थराज पुष्कर में तडके से ही बडी संख्या में श्रद्धालुओं द्वारा पवित्र डुबकी लगाई जा रही है।

0000

सीकर जिले के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल खाटू श्याम में बाबा श्याम जन्मोत्सव के लिए भव्य तैयारियां की गई है। आज से तीन दिन चलने वाले इस आयोजन के लिए देशभर से श्रद्धालु पंहुच रहे है। देवउठनी एकादशी पर होने वाला ये पाटोत्सव देश के बड़े धार्मिक आयोजनों में से एक है। जिला प्रशासन ने दर्शन व्यवस्था और भीड नियंत्रण के लिए कई इंतजाम किए है। भक्तों की भारी भीड को देखते हुए रींगस से खाटू तक नो व्हीकल जोन घोषित किया है।

0000